**क-**शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी अभिलेख-

**(1)-** इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अंक पत्र/प्रमाण पत्र एवं कम्प्यूटर में "ओ" लेवेल प्रमाण पत्र अथवा

**(2)**- कम्प्यूटर अभियंत्रण , सूचना प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण में डिप्लोमा का अंक पत्र/प्रमाण पत्र

**ख-**अधिमानी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख (यदि कोई हो तो)-

**(1)** प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की सेवा का प्रमाण पत्र या

**(2)** राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण-पत्र या

**(3)** कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं कम्प्यूटर नेटवर्किंग का प्रमाण पत्र।

**ग-**आरक्षण एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट के दावे सम्बन्धी अभिलेख-

(1)- मूल निवास प्रमाण पत्र

(2)- अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी (नॉन क्रीमीलेयर) का निर्धारित **प्रारूप-1** पर 01 अप्रैल, 2016 या उसके बाद निर्गत जाति प्रमाण-पत्र।

(3)- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी का निर्धारित **प्रारूप-2** पर जाति प्रमाण पत्र।

(4)- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र निर्धारित **प्रारूप-3** पर।

(5)-भूतपूर्व सैनिक यूनिट डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/सेवामुक्ति प्रमाण पत्र , यूनिट के कमाण्डेन्ट द्वारा निर्गत 'नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट'।

(6)- आयु में छूट चाहने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र निर्धारित **प्रारूप-4** पर।

**टिप्पणी-**

(1) लिखित परीक्षा एवं कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की तिथि व समय की सूचना यथासमय अधिसूचित की जायेगी।

(2) लिखित परीक्षा एवं कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के प्रवेश-पत्र बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in** पर यथासमय उपलब्ध होंगे जहां से अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेंगे।

## 4.3-चयन सूची

राज्य की आरक्षण नीति के अनुसार , अभ्यर्थियों के सम्यक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए , कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं मूल अभिलेखों की जांच में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में एवं अधिमानी अर्हता के अनुसार एक चयन सूची तैयार की जायेगी और अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थियों को उनकी शारीरिक स्वस्थता एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन नियुक्ति हेतु संस्तुति सहित विभागाध्यक्ष को अग्रसारित की जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर-बराबर अंक प्राप्त करें तो अधिमानी अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर-बराबर अंक प्राप्त करें एवं उनके पास कोई अधिमानी अर्हता न हो तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा।

